p>

Title : Need to make Misrikh Paliamentary Constituency, Kanpur City & Jajmau of Uttar Pradesh, pollution free.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): कानपुर नगर के निकटवर्ती मिसरिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधान सभा क्षेत्र बिल्हौर तथा निकटवर्ती क्षेत्र कानपुर नगर व जाजमऊ में बड़ी संख्या में कल-कारखाने स्थापित हैं। **उनमें** प्रदूषण रहित संयंत्र न होने के परिणामस्वरूप आसपास में भारी प्रदूषण फैल रहा है। विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में कानपुर, जो मेरे संसदीय क्षेत्र मिसरिख से सटा हुआ है, का 109वां स्थान है। देश में प्रदूषित शहरों की सूची में कानपुर तथा इसके निकटवर्ती क्षेत्र का कौन सा स्थान होगा, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

इस क्षेत्र में कई कारखाने तो ऐसे हैं, जिनके पास से गुजरने पर काफी दुर्गंध होने के कारण घुटन महसूस होती है। ऐसी स्थिति में वहां लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मेरे क्षेत्र के लोगों को प्रदूषित वायु सांस के माध्यम से शरीर के अंदर जाने के कारण तरह-तरह की - अस्थमा, फेफड़े और हृदय रोग, सांस की एलर्जी जैसी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। यह छिपा नहीं है कि आंतरिक वायु प्रदूषण से देश में काफी लोग प्रभावित होते हैं। मेरा संसदीय क्षेत्र भी इससे बचा नहीं है। इस क्षेत्र में कारखानों के प्रदूषित पानी से फसलों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राज्य के मिसरिख संसदीय क्षेत्र विशेषकर सण्डीला और बिल्हौर विधान सभा क्षेत्रों के साथ-साथ कानपुर नगर और जाजमऊ को प्रदूषण रहित बनाये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए।